14.10.24

Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh.

कक्षा- तीसरी विषय- हिन्दी व्याकरण

उपविषय- विशेषण शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

सुप्रभात बच्चो!

यह कार्य कक्षा-तीसरी, विषय-हिन्दी व्याकरण, उपविषय-'विशेषण' से लिया गया है।

बच्चो! आज हम 'विशेषण' के बारे में पढ़ेंगे। 'विशेषण' का अर्थ है- 'विशेषता बताना'। विशेषण को अंग्रेज़ी में adjective कहते हैं। चलिए, कुछ उदाहरणों द्वारा समझने का प्रयास करते हैं।

उदाहरण-: 1) रिया ने पीली फ्रॉक पहनी है।
2) पेड़ पर दो चिड़ियाँ बैठी हैं।
3) मोहन के घर सुंदर फूल लगे हैं।

उपर्युक्त वाक्यों में पीली, दो तथा सुंदर शब्द फ्रॉक, चिड़ियाँ तथा फूल की विशेषता बता रहे हैं। यही शब्द, 'विशेषण' कहलाते हैं। अब मैं आपको 'विशेषण' की परिभाषा बताने जा रही हूँ।

जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, वे विशेषण कहलाते हैं।

☆ विशेषण के भेद → विशेषण के चार भेद हैं-

1) गुणवाचक विशेषण
2) संख्यावाचक विशेषण
3) परिमाणवाचक विशेषण
4) सार्वनामिक विशेषण

कक्षा - तीसरी विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - विशेषण

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

बच्चो! अब पाँच मिनट की ब्रेक लेते हैं। ब्रेक लेने से पहले मैं आप से कुछ प्रश्न पूछने जा रही हूँ, जिनके उत्तर आप ब्रेक के दौरान अपनी नोटबुक में लिखोगे।

प्र०1. 'विशेषण' शब्द का क्या अर्थ है?

प्र०2. विशेषण के कितने भेद हैं?

(ब्रेक का समय समाप्त)

बच्चो! आइए, अब मैं आपको ऊपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बता देती हूँ।

उत्तर 1. 'विशेषण' शब्द का अर्थ है – विशेषता बताना।

उत्तर 2. विशेषण के चार भेद हैं।

अब मैं आपको इस विषय की और जानकारी उदाहरणों द्वारा देने जा रही हूँ। सभी इसे ध्यानपूर्वक सुनेंगे।

1. गुणवाचक विशेषण → उदाहरण ;- लंबा, छोटा, सुंदर मोटा, खट्टा, कड़वा, अमीर, बुरा आदि।

2. संख्यावाचक विशेषण → उदाहरण ;– चार, दो, कुछ, प्रथम आदि।

3. परिमाणवाचक विशेषण → उदाहरण ;– दो किलो, पाँच लीटर, तीन मीटर, थोड़ी आदि।

कक्षा - तीसरी        विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - विशेषण        शिक्षिका- श्रीमती कल्पना शर्मा

५. सार्वनामिक विशेषण → उदाहरण ;- यह, वह, इस, उस, वे, ये आदि।

बच्चो! विशेषण के इन चारों भेदों में आपको जो उदाहरण दिए गए हैं, वे सभी विशेषण शब्द हैं।

गृहकार्य → निम्नलिखित वाक्यों में आए विशेषण शब्दों पर गोला (O) लगाइए।

क) मोटा आदमी दौड़ रहा है।
ख) मेरे घर के पास एक सुंदर बगीचा है।
ग) हम रोज़ चार लीटर दूध लेते हैं।
घ) पिछले वर्ष मैं अपनी कक्षा में प्रथम आई थी।
ङ) कुछ लोग पार्क में टहल रहे हैं।
च) पिता जी बाज़ार से दो किलो चीनी लाए।
छ) यह पुस्तक पढ़ने लायक है।
ज) मुझे थोड़ी चीनी चाहिए।
झ) यह टीना की सहेली है।
ञ) रोहन शरारती लड़का है।

(Last Page)